भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मृत्युदर

*216. **श्री बेकल उत्साही :**

श्री चन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी :

क्या जल-मूतल परिवहन मंत्री बतलाने की पा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत विश्व के विकसित देशों से अधिक है, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार ने भारत में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले व्यक्तियों की संख्या सुनिश्चित करने और ऐसी दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण किया है, यदि हां, तो उसका ब्यारा क्या है?

जल-मूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) 1986 तक के उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर भारत में प्रति 1000 वाहनों पर मरे गए व्यक्तियों की दर 4.27 निकलती है जो अन्य विकसित देशों की तुलना में कम है।

(ख) सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़े राज्य सरकारों संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों के माध्यम से वार्षिक आधार पर एकत्र किए जाते हैं। आंकड़ों के विश्लेषण से यह पता चलता है कि सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार मुख्य कारण निम्नलिखित हैं :-

(i) मानव असफलता-अर्थात् ड्राइवर का दोष,

(ii) वाहनों में यांत्रिक खराबियां,

(iii) खराब सड़कें, और

(iv) सीमित क्षमता वाली सड़कों पर प्रचलित बहुत धीमी गति से चलने वाले वाहनों से लेकर बहुत तेज गति से चलने वाले अनेक तरह के मिले-जुले वाहनों की बढ़ती संख्या।

Yayudoot flights in North-Eastern Region

♦217. DR. NAGEN SAIKIA: Will the Minister of CIVIL AVIATION" AND TOURISM be pleased to state:

(a) what is the number of Vayu-doot Flights operating daily in North-Eastern region;

(b) what is the number of flights cancelled .during the last one year; and

(c) what steps are being taken to make the Vayudoot flights regular and dependable?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI MOTI LAL VORA): (a) Vayudoot is operating c an average 5-6 flights Per day in the North-Eastern region.

(b) The number of Vavudoot flights cancelled in the North-Eastern region during the last one year waa 144.

(c) Vayudoot i_s constantly endeavouring to bring quantitative and qualitative improvements in its services. The steps taken to make Vayudoot flight regular and dependable are as follows: —

(i) Vavudoot has based one F-27 aircraft at Guwahati to ensure regular operations in the North-Eastern States.

(ii) Vayudoot i_3 in the process of developing its own communication facilities.

(iii) Vayudoot is in the process of inducting additional aircraft capacity to cover the existing as well as the projected growth fci the passenger traffic as also to cater to its proposed expansion plan.